उत्तर प्रदेश में मोहन सराय से तक बाई-पास का निर्माण

1910 **श्री मोहम्मद मसूद खान** :
श्री वसीम अहमद :
श्री अखिलेश दास:
श्री मोहम्मद आज़म खान:

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वाराणसी (उ0प्र0) में मोहन सराय से मुगल सराय तक जी0टी0 रोड पर बाई-पास तथा गंगा नदी पर पुल बनाने का कार्य किस तिथि से शुरू किया गया था और इसके पूरा होने की अतिम तिथि क्या निर्धारित की गई थी,

(ख) उपरोक्त परियोजना के लिए शुरू में कितनी धनराशि निर्धारित की गई थी और अब तक कितनी धनराशि खर्च की जा चुकी है,

(ग) इस परियोजना की प्रगति का प्रतिशत ब्यौरा क्या है,

(घ) इस परियोजना को समय से पूरा न करने के लिए दोषी अधिकारियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है और यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है, तो उसके क्या कारण है, और

(ड) उपरोक्त परियोजना को पूरा करने के लिए अत्तिम तिथि क्या निर्धारित की गई है?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी0जी0 वेंकटरामन) : (क) परियोजना के शुरू होने और पूरा होने की प्रांरभिक तरीखे इस प्रकार है:

	शुरू होने की तारीख	प्रारंभिक तारीख
मोहन सराय से मुगल सराय तक बाइपास सड़क	1.11.87	1.4.91
गंगा नदी पर पुल	31.12.88	30.12.92

(ख) यह परियोजना प्रारंभ में 49.92 करोड़ रु0 की लागत पर स्वीकृत की गई थी। इस परियोजना की अनुमोदित संशोधत लागत 122.59 करोड़ रू0 का व्यय हुआ।

(ग)से (ड.) बाईपास के निर्माण में विलम्ब मुख्यत: मूल ठेककेदार द्वारा कार्य करने के कारण हुआ। तदनुसार उसका ठेका रद्द कर दिया गया और यह कार्य जून, 1993 में सीमा संगठन को सौंप दिया गया है। पुल के निर्माण में विलम्ब मुख्यत: विनिदेशों में परिवर्तन के कारण हुआ जो कार्य शुरू करने से पहले डिजाइन में संशोधन के कारण आवश्यक हो गया था। बाईपास के निर्माण के मामले में लगभग 95% है। इस परियोजना को दियम्बर, 1997 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

कपड़ा उत्पादन

1911. **श्री राम जेठमलानी** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1995-96 देश में मिलों, विद्युतकरघा, हथकरघा और हौजरी क्षेत्रों में कुल कपड़ा उत्पादन का क्रमश: 6.42 प्रतिशत, 54.68 प्रतिशत, 22.89 प्रतिशत और 16.01 प्रतिशत उत्पादन किया गया था,

(ख) यदि हां, तो इस विषय में सरकार का क्या अनुमान है,

(ग) क्या सरकार ने इस बात का पता लगाया है कि इन विभिन्न क्षेत्रों द्वारा किए गए कुल वस्त्र उत्पादन का कितना-कितना प्रतिशत निर्यात किया गया है, और

(घ) यदि हां, तो विभिन्न क्षेत्रों द्वारा निर्यात किए गए कपड़े की कुल मात्रा और इस प्रकार अर्जित की गई विदेशी मुद्रा का ब्यौरा क्या है?

वस्त्र मंत्री (श्री आर0 एल0 जालप्पा) : (क) और (ख) वित्तीय वर्ष 1995-96 के दौरान, देश में कपड़े के उत्पादन में मिल,हथकरघा,